# कार्यपत्र-1

**1. सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) बच्चा अपने माता-पिता के साथ रहकर जिस भाषा को सीखता है, वही उसकी ____________ होती है।

(i) मातृभाषा ✓

(ख) भाषा को लिखित रूप देने के लिए जिन चिह्नों या वर्णों का प्रयोग किया जाता है, वे ____________ कहलाते हैं।

(ii) लिपि ✓

(ग) व्याकरण के कितने भाग होते हैं? (ii) तीन ✓

(घ) पंजाबी की लिपि क्या है? (iv) गुरुमुखी ✓

(ङ) हिंदी की लिपि है– (ii) देवनागरी ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) भाषा के दो रूप होते हैं– 1. मौखिक 2. लिखित

(ख) जब हम भाषा को बोलकर प्रकट करते हैं तो उसे मौखिक भाषा कहते हैं। जैस– भाषण, बातचीत, नाटक, रेडियो-प्रसारण, टेलीफ़ोन तथा दूरदर्शन की बातचीत आदि।

(ग) किसी छोटे क्षेत्र में स्थानीय लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा बोली कहलाती है। बोली का क्षेत्र सीमित होता है। जब किसी बोली का प्रयोग साहित्य रचना के लिए होने लगे तो वह उपभाषा कहलाती है। बोली की अपेक्षा उपभाषा का क्षेत्र विस्तृत होता है।

(घ) हमारी राजभाषा हिंदी है। राजभाषा का शाब्दिक अर्थ है– राजकाज की भाषा। हमारे संविधान में हिंदी को 14 सितंबर, 1949 को राजभाषा का दर्जा दिया गया है।

(ङ) भाषा की शुद्धता और एकरूपता को बनाए रखने के लिए व्याकरण का ज्ञान आवश्यक है। व्याकरण के कारण ही हम वर्णों, शब्दों एवं वाक्यों के बारे में विस्तार से जान पाते हैं। व्याकरण भाषा को शुद्ध बोलना, लिखना, पढ़ना तथा समझना सिखाता है।

**3. रिक्त स्थान भरिए–**

(क) 'भाषा' शब्द संस्कृत की **भाष्** धातु से बना है।

(ख) भाषा का लिखित रूप **स्थायी** होता है।

(ग) **भाषा** का मौखिक रूप अस्थायी होता है।

(घ) हमारे संविधान में **हिंदी** को राजभाषा का दर्ज़ा दिया गया है।

(ङ) बोली का क्षेत्र **सीमित** होता है।

**4. निम्नलिखित राज्यों की भाषाओं के नाम लिखिए।**

| | राज्य | भाषा | | राज्य | भाषा |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | मणिपुर | मणिपुरी | (ख) | केरल | मलयालम |
| (ग) | पंजाब | गुरुमुखी | (घ) | महाराष्ट्र | मराठी |
| (ङ) | तमिलनाडु | तमिल | | | |